नौवहन यातायात के मुख्यतया निम्नलिखित 3 सैक्टरों में यात्री सेवाएं उपलब्ध हैं:-

(क) मुख्य भूमि/ अंडमान तथा निकोबर द्वीप समूह

(ख) मुख्य भूमि / लक्षद्वीप द्वीपसमूह

(ग) मुम्बई /गोवा

पिछले 3-4 वर्षो के दौरान यात्री यातायात के आकड़ों से पता चलता हैं कि मौसमी उतार –चढ़ाव को छोड़कर , यात्री यातायात में कमी नहीं आई हैं ।

नालन्दा खराब डाक सेवाएं

139. **श्री मिसा आर . गणेशन**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि बिहार, विशेषत : नालन्दा जिले में डाक सेवाओं की स्थिति सेवाओं की स्थिति दयनीय है और साधारण पत्रों को अपने गन्तव्य पर पहुंचने में महीनों का समय लगता हैं;

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गये हैं /उठाए जाने का विचार हैं;

(ग) क्या यह सच हैं कि पटना के पोस्टमास्टर जनरल के पास वर्ष 1985-86 से नालन्दा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघरों की शाखाएं खोलने हेतु संख्या में ठोस प्रस्ताव लंबित पड़े हैं ; और

(घ)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इन प्रस्तावों पर कार्यवाही कराने के उन्हें कार्यान्वित करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) जी नहीं । समूचे बिहार मे और विशेष रूप से नालन्दा जिले मे डाक सेवाओं का स्तर दयनीय नहीं हैं। परिवहन सेवा में गड़बड़ी अथवा कर्मचरियों की अचानक कमी या प्रतिकूल मौसम जैसी नियंत्रण से बाहर की परिस्थिति को छोड़कर सामान्यत: डाक का वितरण प्रचालन संबंधी कठिनाइयों के बावजूद , विभागीय मानकों के अनुरूप किया जाता हैं । सेवा की गुणवता की प्रभावी ढंग से मानीटरिंग की जाती हैं और जब कभी कमियां ध्यान मे आती हैं , तो उन्हे दूर करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

(ग) और (घ) नालंदा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर खोलने का कोई प्रस्ताव 1985-86 से लंबित नहीं हैं। तथापि, तरतार ग्राम में डाकघर खोलने का एक प्रस्ताव विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार औचित्य सम्मत पाया गया है। योजना स्कीम के अंतर्गत इस गांव में डाकघर खोलने पर विचार किया जाएगा बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध रहें और पद सृजित हो सकें ।

Projects for National Highway Cochin-Madurai

140. SHRI V. GOPALSAMY: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the number of project which have been sanctioned in National Highway Cochin-Madurai in the past three years with the names of each project, amount sanctioned, amount spent, percentage of work completed and by when each project will be completed;

(b) the letters/complaints/memboran-da Government have received in the past from Members of Parliament and others regarding this highway; and

(c) the details of each such complaint/ .mejnorandum and also action taken in each case?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI M. RAJASEKARA MURTHY): (a) A Statement is enclosed as Statement-I *(see* below)

(b) and (c) A Statement is enclosed as Statement-II.